सार समाचार

रिद्धिमा 68 के स्कोर के साथ शीर्ष 10 में

सेडिनरसी,भाषा। भारत की रिद्धिमा दिलावरी अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ के शुरुआती दौर में खराब शुरुआत से उबरते हुए चार अंडर 68 का कार्ड के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गयी। इस भारतीय गोल्फर ने शुरुआती नौ होल में इवन पार स्कोर किया था लेकिन आखिरी के नौ होल में शानदार खेल दिखाया। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज स्वीडन की जेसिका कार्लसन से पांच शॉट पीछे है। अन्य भारतीयों में अमनदीप द्राल (71) और भारत से बाहर अपना पहला एलईटी (लेडीज यूरोपीय टूर) टूर्नामेंट खेल रही अमेच्योर अवनी प्रशांत संयुक्त 60वें स्थान पर है।

लाहिड़ी संयुक्त 32वें स्थान पर

सिल्विस,भाषा। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने जॉन डीरे क्लासिक के शुरूआती दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 32वें स्थान पर चल रहे हैं। ओपन चैम्पियनशिप में जगह बनाने की कोशिश में जुटे लाहिड़ी ने चौथे से सातवें होल में चार बर्डी लगायी। शीर्ष 10 (और संयुक्त रूप से रहने वाले गोल्फर) में शामिल खिलाड़ियों को इस हफ्ते 'द ओपन चैम्पियनशिप' में जगह बनाने का मौका मिलेगा।

एंजेलो मैथ्यूज कोविड-19 पॉजिटिव

गॉल,एपी। श्रीलंकाई बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज आस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के दौरान कोविड-19 पॉजिटिव पाये गये और उन्हें मैच में खेल रहे साथी खिलाड़ियों से पृथक रख दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच के तीसरे दिन मैथ्यूज वायरस की जांच में पॉजिटिव पाये गये, वह अच्छा महसूस नहीं कर रहे थे। बोर्ड ने कहा कि बचे हुए मैच में उनकी जगह खेलने के लिये ओशादा फर्नांडो को टीम में शामिल किया गया है।

पीएसजी ने विनिन्हा से पांच साल का अनुबंध किया

पेरिस,एपी। पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) ने मिडफील्डर विनिन्हा से पांच साल का अनुबंध किया है जिससे वह 2027 तक क्लब के साथ रहेंगे। पीएसजी ने 22 साल के विनिन्हा से सत्र से इतर करार किया है जो पुर्तगाल के क्लब पार्तो से आये हैं। क्लब के बयान में हालांकि करार की वित्तीय जानकारी नहीं दी गयी है लेकिन खबरों के अनुसार यह अनुबंध चार करोड़ यूरो (चार करोड़ डॉलर) का है। माना जा रहा है कि विनिन्हा पीएसजी के मिडफील्डर मार्को वेराटी की जगह लेंगे।

नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में रजत जीता

प्रतिष्ठित डायमंड लीग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए जीता पदक।

स्टॉकहोम ■ भाषा/डेस्क

ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने गुरूवार को प्रतिष्ठित डायमंड लीग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए रजत पदक जीता, वह काफी करीब से 90 मीटर दूर भाला फेंकने से चूक गये लेकिन उन्हें भरोसा है कि वह इस साल इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।

नीरज पहली बार डायमंड लीग शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रहे। 24 साल के एथलीट ने पहले ही प्रयास में 89.94 मीटर दूर भाला फेंका जिससे वह महज छह सेंटीमीटर से 90 मीटर से चूक गये। इस दौरान उन्होंने अपने 89.30 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया जो उन्होंने 14 जून को फिनलैंड के तुर्कु में पावो नुर्मी खेलों में दूसरे स्थान पर रहकर हासिल किया था।

नीरज के अन्य थ्रो 84.37 मीटर, 87.46 मीटर, 84.77 मीटर, 86.67 मीटर और 86.84 मीटर के रहे। चोपड़ा ने रजत पदक जीतने के बाद 'जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स' से कहा, पहला थ्रो काफी अच्छा था, मुझे अच्छा लग रहा है। ऐसा नहीं था कि पहले थ्रो में ही करना है। 90 मीटर के काफी करीब था, और लग रहा था कि कर दूंगा, पर अपना सर्वश्रेष्ठ किया तो अच्छा लग रहा है। विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 90.31 मीटर की दूरी से स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने यह दूरी तीसरे प्रयास में हासिल की। चोपड़ा ने कहा, मैं अब 90 मीटर के करीब हूं और इस साल में ऐसा कर सकता हूं। आज नहीं जीता लेकिन मुझे अच्छा लग रहा है क्योंकि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ किया। चोपड़ा अगस्त 2018 में ज्यूरिख में डायमंड लीग मीट में चौथे स्थान पर रहे थे।

वह चार साल में पहली बार डायमंड लीग में खेल रहे थे। वह सात बार डायमंड लीग मीट - 2017 में तीन बार और 2018 में चार बार - में हिस्सा ले चुके हैं। उन्होंने कहा, जब एंडरसन पीटर्स ने 90 मीटर की

दूरी तय की तो मुझे भी लगा कि मुझे भी ऐसा करना होगा। मेरे दिमाग में था कि सब कुछ परफेक्ट होना चाहिए, भाला एक ही लाइन में जाना चाहिए और तकनीक परफेक्ट होनी चाहिए। जब सबकुछ परफेक्ट होगा तभी आप इतनी लंबी दूरी तक थ्रो कर सकते हो।

चोपड़ा ने कहा, प्रतिस्पर्धा थ्री लेकिन में खुश हूं कि मेरे सभी थ्रो काफी अच्छे थे। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैं लंबे समय बाद खेल रहा हूं और अगली प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा। चोपड़ा की निगाहें 15 से 24 जुलाई तक अमेरिका के यूजीन में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर लगी हुई हैं।

विश्व चैम्पियनशिप में भारत का सिर्फ एक ही पदक है जो लंबी कूद की महान एथलीट अंजू बॉबी जार्ज ने 2003 में कांस्य पदक से हासिल किया था, तो क्या इससे उन पर दबाव होगा। इस पर उन्होंने कहा, नहीं, विश्व चैम्पियनशिप में एक ही पदक है, इसका कोई दबाव नहीं है। बस पूरी कोशिश करेंगे। वैसे ओरेगोन में जाकर ही पता चलेगा। हर प्रतियोगिता, प्रत्येक दिन अलग होता है।

जब मैं ओरेगोन में खेलना शुरू करूंगा तो ही पता चलेगा कि मैं ओलंपिक चैम्पियन का दबाव महसूस कर रहा हूं या नहीं। चोपड़ा ने कहा, वैसे मैं बिना दबाव के खेलता हूं। मैं कड़ी ट्रेनिंग करता हूं और प्रतियोगिता में अपना शत प्रतिशत देने की कोशिश करता हूं। हरियाणा के इस स्टार एथलीट ने कहा कि वह विश्व चैम्पियनशिप के लिये अपनी ट्रेनिंग में कोई बदलाव नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, मेरी अगली प्रतियोगिता ओरेगोन में विश्व चैम्पियनशिप है। यह ज्यादा दूर नहीं है, इसलिये ट्रेनिंग में कुछ बदलाव नहीं करूंगा। लेकिन अपनी ट्रेनिंग में सुधार करना जारी रखूंगा।

भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को चार विकेट से हराया

पालेकल ■ भाषा/डेस्क

दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्राकर के हरफनमौला खेल और दोनों के बीच सातवें विकेट के लिए 38 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारतीय महिला टीम ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में श्रीलंका को चार विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। मैन ऑफ द मेच दीप्ति ने 8.2 ओवर में 25 रन पर तीन विकेट लेने के बाद मुश्किल परिस्थितियों में 22 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलायी। पूजा ने पांच ओवर में 26 रन दो विकेट चटकाने के बाद नाबाद 21 रन (19 गेंद में) की आक्रामक पारी खेली।

ऑफ स्पिनर दीप्ति और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (29 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने श्रीलंका की पारी को 48.2 ओवर में 171 रन पर समेटने के बाद 72 गेंद शेष रहते छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के कप्तान हरमनप्रीत कौर तथा अनुभवी स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ ने एक-एक विकेट चटकाये। श्रीलंका के लिए निलाक्षी डि सिल्वा ने सबसे ज्यादा 43 जबकि हसिनी परेरा ने 37 रन बनाये। भारत के लिए भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 44, सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 35 और हरलीन देओल ने 34 रन का योगदान दिया। श्रीलंका के लिए इनोका रानावीरा ने चार और ओशादी रनासिंघे ने दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने शुरुआती चार ओवरों में स्मृति मंधाना (चार रन) और यास्तिका भाटिया के विकेट गंवा दिये। शेफाली को इसके बाद हरमनप्रीत का अच्छा साथ मिला जिससे वह अपने आक्रामक खेल को जारी रख सकी। उन्होंने चौथे ओवर में रनासिंघे के खिलाफ चौका और फिर सातवें तथा 11वें ओवर में रनावीरा के खिलाफ एक-एक छक्का जड़ अपने इरादे जाहिर किये। वह हालांकि इसी गेंदबाज के खिलाफ एक और बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में 15वें ओवर में स्टंप हो गयी।द उन्होंने 40 गेंद की पारी में 35 रन बनाने के साथ हरमनप्रीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 44 रन जोड़े।

हरमनप्रीत ने इसके बाद हरलीन के साथ चौथे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दोनों ने संभल कर खेलते हुए कुछ आकर्षक शॉट लगाये।

रनावीरा ने हालांकि पारी के 26वें, 28वें और 30वें ओवर में क्रमशः हरमनप्रीत, हरलीन और ऋचा घोष (छह रन) का विकेट चटका कर भारतीय टीम पर दबाव बना दिया। दीप्ति और पूजा ने इसके बाद कोई और नुकसान नहीं होने दिया। पूजा ने 38वें ओवर में रनासिंघे के खिलाफ दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिला दी।

इंग्लैंड के नए वनडे और टी20 कप्तान चुने गए बटलर

लंदन ■ वार्ता/डेस्क

इयोन मॉर्गन के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद जॉस बटलर को इंग्लैंड की वनडे और टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया हैं। 31 वर्षीय बटलर मॉर्गन के साढ़े सात सालों के कार्यकाल में कई बार टीम की कमान संभाल चुके हैं। उन्होंने नौ वनडे और पांच टी20 अंतर्राष्ट्रीय मेचों में इंग्लैंड का नेतृत्व किया हैं।

भारत के खिलाफ़ सात जुलाई से शुरू हो रही टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज से बटलर बतौर नियमित कप्तान अपने कार्यकाल का शुभारंभ करेंगे।

25 दिनों के भीतर इंग्लैंड को छह वनडे और छह टी20 अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाबले खेलने हैं। सफ़ेद गेंद क्रिकेट में टीम के प्रमुख कोच मेथ्यू मॉट के साथ बटलर का ध्यान इस सात आँस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के साथ-साथ अगले साल खेले जाने वाले वनडे विश्व कप पर भी होगा। इंग्लैंड मोजूदा वनडे चैंपियन है

और टीम भारत में अपने ख़िताब का बचाव करने का पूरा प्रयास करेगी।

इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के निदेशक रॉब की ने कप्तानी पद के लिए बटलर की सिफ़ारिश की थी और बुधवार को उनकी नियुक्ति हुई। रॉब ने कहा, सफ़ेद गेंद की क्रिकेट में मॉर्गन के उत्तराधिकारी के रूप में बटलर सबसे सही दावेदार हैं। वह एक दशक से हमारी टीम का हिस्सा रहे हैं और पिछले सात सालों में आक्रामक शैली अपनाने वाली टीम की महत्वपूर्ण कड़ी बनकर उभरे हैं।

हेड और लियोन ने दिलाई आस्ट्रेलिया को 10 विकेट की जीत

गॉल ■ एपी/डेस्क

स्पिनर ट्रेविस हेड और नाथन लियोन के चार चार विकेट से आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शुरुआती सत्र में श्रीलंका पर 10 विकेट से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम पहली पारी में 212 रन पर सिमट गयी थी। आस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन सुबह पहली पारी में आठ विकेट पर 313 रन से खेलना शुरू किया। तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने पैट कमिंस (26) को अपनी यॉर्कर का शिकार बनाया। फिर उन्होंने इन-स्विंगर से मिशेल स्वेपसन (01) को आउट कर आस्ट्रेलियाई पारी 321 रन पर खत्म की। इस तरह आस्ट्रेलिया पहली पारी के आधार 109 रन से आगे था। श्रीलंका की टीम दूसरी पारी में केवल 113 रन ही बना सकी जिससे आस्ट्रेलिया को जीत के लिये केवल पांच रन का लक्ष्य मिला और डेविड वार्नर ने चार गेंद में मैच खत्म कर दिया। कामचलाऊ ऑफ स्पिनर हेड ने 17 गेंद के अंदर चार विकेट झटक लिये जिससे उन्होंने 10 रन देकर चार विकेट चटकाये। उन्होंने पिछले 26 टेस्ट मैचों में केवल एक विकेट लिया था। लियोन ने अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए पहली पारी में 90 रन देकर पांच विकेट और दूसरी पारी में 31 रन देकर चार विकेट झटके। श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया की पहली पारी की बढ़त को जल्दी से खत्म करने के इरादे से स्पिनरों की मुफीद पिच पर दूसरी पारी में तेज शुरूआत की। श्रीलंकाई सलामी बल्लेबाज दिमुथ करूणारत्ने और पाथुम निसांका ने पहले ही ओवर में मिशेल स्टार्क पर 17 रन जोड़ लिये जिसमें चार चौके शामिल थे। लेकिन लियोन ने करूणारत्ने (23) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों लपकवाकर 37 रन की भागीदारी तोड़ दी। दो रन बाद लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन ने निसांका (14) को पगबाधा आउट किया। कुसाल मेंडिस और ओशादा फर्नांडो ने तीसरे विकेट के लिये 20 रन जोड़े।

दर्शक की ओर थूकने पर किर्गियोस पर 10 हजार डॉलर जुर्माना

विंबलडन,एपी। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस पर विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में पहले दौर की जीत के दौरान खेल भावना के विपरीत आचरण करने के लिये 10,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया। यह टूर्नामेंट में अभी तक घोषित किया गया सबसे बड़ा जुर्माना है। किर्गियोस ने इस पहले दौर के मेच के बाद हुई प्रेस कांफ्रेंस में स्वीकार किया था कि उन्होंने परेशान कर रहे दर्शक की ओर थूका था। गुरूवार को आल इंग्लैंड क्लब ने मेच के दौरान लगे जुर्माने की राशि की घोषणा की। किर्गियोस के बाद एलेक्जेंडर रिट्सचार्ड पर 5,000 डॉलर का जुर्माना लगा गया जो क्वालीफाइंग में पहले दौर के मेच के दौरान उनके खेल भावना के खिलाफ आचरण के लिये लगा था। सात अन्य खिलाड़ियों पर तीन-तीन हजार डॉलर का जुर्माना लगाया गया जो खेल भावना के विपरीत आचरण या फिर अश्लील शब्द कहने के लिये लगाया गया।

ताई जू यिंग से हारकर सिंधू मलेशिया ओपन से बाहर

इस जीत के बाद यिंग ने भारत की इस शीर्ष खिलाड़ी पर अपना दबदबा ओर मजबूत कर लिया।

कुआलालंपुर ■ भाषा/डेस्क

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मलेशिया ओपन सुपर 750 बेडमिंटन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां तीन गेम के कड़े मुकाबले में गत चैम्पियन चीनी ताइपे की ताई जू यिंग से हारकर बाहर हो गई। सातवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता दूसरी वरीयता प्राप्त यिंग के खिलाफ पहले गेम को जीतने के बाद लय बरकरार नहीं रख सकी और 21-13, 15-21, 13-21 से हार गयी।

इस जीत के बाद यिंग ने भारत की इस शीर्ष खिलाड़ी पर अपना दबदबा और मजबूत कर लिया। सिंधु लगातार छठे मेच में यिंग से हारी है। दोनों के जीत हार का रिकॉर्ड भी 16-5 के बड़े अंतर से यिंग के पक्ष में है। सिंधु ने शुरुआती गेम में 2-5 से पिछड़ने के बाद लगातार 11 अंक हासिल कर शानदार वापसी की। चीनी ताइपे

की खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद लंबी रैलियां खेलकर प्रतियोगिता में वापसी की कोशिश की लेकिन सिंधू ने उसे ज्यादा मोके नहीं दिये।

भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में भी अच्छी शुरुआत की लेकिन यिंग ने वापसी करते हुए ब्रेक तक अपनी बढ़त को 11-3 कर लिया। छोर बदलने के बदलने के बाद यिंग ने अपनी बढ़त को 14-3 कर ली, लेकिन सिंधू ने वापसी की और 17-15 के स्कोर के साथ विरोधी खिलाड़ी की बढ़त को दो अंक तक सीमित कर दिया। यिंग ने हालांकि इसके बाद सिंधू को कोई मोका नहीं दिया और चार अंक जुटा कर मुकाबले को निर्णायक गेम में ले गयी। तीसरे गेम की शुरुआत में दोनों के बीच 12 अंक के खेल तक करीबी मुकाबला हुआ लेकिन इसके बाद सिंधू ने लय गवां दी और यिंग ने सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ खिताब बचने की ओर कदम बढ़ा दिया।

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2(20341)/2021-22 Jaipur, Dated-09/05/2022 के द्वारा मेसर्स एस.बी.एन.ग्रेनाईट, प्रोपराईटर-श्री विक्रम सिंह पण्डावत, निवासी-हाउस नं.-एफ-131, एवं विस्तार, सुभाष नगर, भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम-झालरा, तहसील-आसीन्द, जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन M.L.No.-55/2021, क्षेत्रफल 1.4489 हैक्टेयर वाले ग्रेनिज ग्रेनाईट खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय पर जन साधारण के लिए उपलब्ध है।

मेसर्स एस.बी.एन.ग्रेनाईट

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2(20716)/2021-22 Jaipur, Dated-15/06/2022 के द्वारा श्री नितेश यादव पिता श्री विरेन्द्र यादव, निवासी-2-3, विवेकपूर कॉलोनी, व्यावर, जिला-अजमेर (राज.) को निकट ग्राम-बबडू (Baddu), तहसील-करेड़ा, जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन M.L.No.-13/2022, क्षेत्रफल 2.3050 हैक्टेयर वाले ग्रेनिज ग्रेनाईट, फेल्सपार एण्ड मोनेनी स्टोन खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय पर जन साधारण के लिए उपलब्ध है।

नितेश यादव

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2(20568)/2021-22 Jaipur, Dated-15/06/2022 के द्वारा मेसर्स विश्वेश्वर ग्रेनाईट, निवासी-हाउस नं.-एफ-131, East Ext., सुभाष नगर, भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम-कोठीयाल, तहसील-करेड़ा, जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन M.L.No.-136/2021, क्षेत्रफल 1.6052 हैक्टेयर वाले ग्रेनिज ग्रेनाईट खनन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय पर जन साधारण के लिए उपलब्ध है।

मेसर्स विश्वेश्वर ग्रेनाईट

टाइटन बायोटेक लिमिटेड

CIN: L74999RJ1992PLC013387

पंजीकृत कार्यालय: A-902A, टीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019,

दूरभाष: 011-27674615 | ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com

वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

इनवेस्टर एजुकेशन और प्रोटेक्शन फंड के डीमैट खाते में कंपनी के इक्विटी शेयरों के हस्तांतरण की सूचना

प्रिय शेयरधारकों,

हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि कंपनी के रिकॉर्ड और संबंधित बैंक द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार, अभी भी कुछ शेयरधारकों के लिए 2014-2015 के लाभांश दावा नहीं किया गया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 के साथ पठित इनवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड प्राधिकरण (लेखा, ऑडिट, हस्तांतरण और रिफंड) नियम, 2016 और ICSI द्वारा जारी सचिवीय मानक के अनुसार, लाभांश की राशि देय होने की तारीख से 7 (सात) वर्षों की अवधि के लिए दावा न की गई राशि को केंद्र सरकार द्वारा स्थापित इनवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड ("आईईपीएफ") में स्थानांतरित करने की आवश्यकता है।

बकाया लाभांश का दावा करने के लिए, कृपया पहले अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट / रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट - बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ डीमैट खाते के विवरण अपने बैंक के कोर बैंकिंग अकाउंट नंबर और IFSC/ MICR सहित सही बैंक विवरण का पंजीकरण सुनिश्चित करें। कृपया संलग्न रवन पत्र/क्षतिपूर्ति के **सभी मामलों में पूर्ण** या पुराने लाभांश वारंट को **शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022** तक नवीनतम रूप से निष्पादित करके अपना दावा प्रस्तुत करें। यदि आपने पहले ही अपने लाभांश का दावा किया है, तो कृपया इस पत्र को अनदेखा करें।

डीमैट रूप में धारित शेयरों के लिए:

सेटर ऑफ ओडरदेकिन/क्षतिपूर्ति के साथ डीमैट खाते के प्रतिकूल पंजीकृत नाम, पता, डीमैट और बैंक खाते के विवरण दिखाने हुए डीमैट खाता विवरण (क्वाइट मास्टर सूची) की प्रति।

भौतिक रूप में धारित शेयरों के लिए:

- पहले मूल शेयरधारक के नाम वाले रद्द किए गए चेक का पन्ना या
- बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ/खाते के विवरण की मूल प्रति और रद्द चेक की बैंक सत्यापित प्रति।
- शेयरधारक(कों) के पैन और आधार की प्रति
- वचन पत्र/क्षतिपूर्ति का पत्र

सेबी के दिनांक 03 नवंबर, 2021 और 14 दिसंबर, 2021 के परिपत्र के अनुसार, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को विधिवत रूप से भरे गए फॉर्म नंबर ISR-1, फॉर्म नंबर ISR-2 और फॉर्म नंबर SH-13 और अनुरोध पत्र के साथ खाताधारक के रूप में अपना नाम बताते हुए मूल रद्द किए गए चेक सहित अन्य सहायक दस्तावेज भेजने की आवश्यकता है। यदि आपने पहले ही अपडेट की आवश्यक जानकारी प्रस्तुत कर दी है तो कृपया इसे अनदेखा करें। उपरोक्त फॉर्म https://titanbiotechltd.com/investor/important-information/ लिंक से डाउनलोड किए जा सकते हैं। यदि उक्त तिथि तक लाभांश का दावा नहीं किया जाता है, तो आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। हम आपसे यह ध्यान दिलाना चाहेंगे कि इस प्रकार हस्तांतरित शेयरों के संबंध में कोई भावी लाभांश/लाभ, यदि कोई हो, भी आईईपीएफ में जमा किया जाएगा। उक्त आईईपीएफ नियमों के अनुसार आईईपीएफ को हस्तांतरित किए गए तत्पश्चित लाभांश और शेयरों के संबंध में कंपनी या उसके रजिस्ट्रार के खिलाफ कोई दावा नहीं होगा।

सदस्य जिनके शेयर प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं और जिनके पास शेयर हैं:

(क) भौतिक प्रपत्र यह नोट कर सकते हैं कि कंपनी नियमों के अनुसार और इस तरह के मुद्दे पर प्राधिकरण को शेयरों के हस्तांतरण के उद्देश्य से उनके द्वारा रखे गए मूल शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) के बदले डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) जारी किये जाएंगे। मूल शेयर प्रमाणपत्र(त्रों), जो उनके नाम पर पंजीकृत हैं, स्वयंतित रूप से रद्द हो जाएंगे और अपरक्रामय समझा जाएगा।

(ख) डीमैटीरियलाइज्ड फॉर्म में नोट किया जा सकता है कि कंपनी प्राधिकरण के पक्ष में शेयरों के हस्तांतरण के लिए कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से डिपॉजिटरी को सूचित करेगी।

आपके द्वारा धारित शेयरों और आईईपीएफ को दावा न किए गए लाभांश के हस्तांतरण की स्थिति में, आप वेबसाइट **www.iepf.gov.in** पर उपलब्ध निर्धारित फॉर्म संख्या आईईपीएफ-5 में एक ऑनलाइन आवेदन जमा करके आईईपीएफ से आईईपीएफ प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दावा करने के हकदार हैं।

किसी भी अन्य प्रश्न के लिए कृपया कंपनी सचिव विभाग, टाइटन बायोटेक लिमिटेड से 011-49096502 या 011-27355742 पर संपर्क करें या **cs@titanbiotechltd.com** पर ईमेल करें।

आपका धन्यवाद,

आपका विश्वासी

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड

हस्ता/-

चरणजीत सिंह

कंपनी सचिव

दिनांक : 01/07/2022

स्थान : दिल्ली